भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या, 3148

09 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

जाति के आधार पर रेजिमेंट

3148. श्री जिया उर रहमान:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय सशस्त्र बलों में रेजिमेंटों का गठन जाति के आधार पर किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की मुस्लिम समुदाय हेतु रेजिमेंट बनाने की कोई योजना है;और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (घ) जी, नहीं। इस विषय पर सरकार की नीति के अनुसार, सभी नागरिक चाहे वे किसी भी वर्ग, पंथ, क्षेत्र या धर्म के हों, भारतीय सेना में भर्ती के लिए पात्र हैं। स्वतंत्रता के बाद, सरकार की यह नीति रही है कि किसी विशेष वर्ग/समुदाय/धर्म या क्षेत्र के लिए कोई नई रेजिमेंट न बनाई जाए। भारतीय सेना में भर्ती के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु सभी वर्गों, राज्यों और क्षेत्रों के लिए पर्याप्त रिक्तियां उपलब्ध कराई जा रही हैं ।

*****